CHAPTER 15, घरकीयाद

PAGE 156, प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ

11:1:15:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:1

1. पानी के रात भर गिरने और प्राण-मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है?

उत्तर : कवि भवानी प्रसाद मिश्र अपने घर से बहुत दूर जेल में कैद हैं। अपने घर और प्रियजनों से दूर रहने का दर्द उनके भीतर है। एक दिन जब आकाश में बादल बरसने लगते हैं तब ऐसे मौसम में कवि का मन यादों से घिरा रहता है। गिरते हुए पानी के साथ कवि के आँखों के सामने घर की यादे एक चलचित्र की तरह प्रदर्शित हो जाती है। बारिश के कारण वह अपने घर की यादों में व्याकुल हो जाता है।

11:1:15:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:2

2. मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है?

उत्तर : बहन जब अपने ससुराल से मायके जाती है तो रास्ते में उसके मन में अलग विचार आते है। वह मन ही मन प्रसन्न होती है कि वह घर जाकर सबसे मिलेगी। अलग अलग लोगो से क्या क्या बात करेगी। इसी प्रकार की बातें सोच सोच कर वह रोमांचित हो उठती है। ऐसे स्थिति में जब घर पता चलेगा की उसका भाई जेल में है तो उसके मन पे क्या बीतेगी। उसकी सारी प्रसन्नता समाप्त हो जाएगी। उसके ह्रदय की प्रसन्नता ताप नहीं लगने लगेगी? इन्हीं कारणों के वजह से कवि ने बहन के लिए "परिताप का घर"कहा है।

11:1:15:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:3

3. पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा गया है?

उत्तर : कवि के पिता इस उम्र में भी पूरी तरह से स्वस्थ हैं। वह नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, दौड़ते हैं और दंड पेलते हैं। बुढ़ापे ने उन्हें छुआ तक नहीं है। वह पूरी रफ़्तार से किसी भी काम को करते है और खिलखिला कर हसते है। वे प्रतिदिन

गीता पाठ करते है। वह अपने पांचवे पुत्र अर्थात कवि के बारे में भावुक हो जाते है। उन्हें अपने पुत्र पर गर्व है क्योँकि वह उनके लिए एक देशभक्त है। उनकी प्रेरणा से उसने स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लिया और जेल गया।

11:1:15:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:4

4. निम्नलिखित पंक्तियों में बस शब्द के प्रयोग की विशेषता बताइए।

मैं मजे में हूँ सही है
घर नहीं हूँ बस यही है
किंतु यह बस बड़ा बस है,
इसी बस से सब विरस है’

उत्तर : कवि ने "बस" शब्द का प्रयोग लाक्षणिक रूप से किया है। पहले उपयोग का मतलब है कि वह केवल घर पर या अपने घर पर नहीं है। दूसरे उपयोग का मतलब है कि वह अपने घर से दूर रहने के लिए मजबूर है। तीसरा उपयोग उनकी बेबसी और लाचारी को दर्शाता है। है। चौथी बार प्रयोग कवि के मन

की पीड़ा को व्यक्त करती है जिसके कारण उसकी सारी खुशी खो गई है।

11:1:15:प्रश्न - अभ्यास - कविता के साथ:5

5. कविता की अंतिम 12 पंक्तियों को पढ़कर कल्पना कीजिए कि कवि अपनी किस स्थिति व मनःस्थिति को अपने परिजनों से छिपाना चाहता है?

उत्तर : जेल में होने के कारण कवि अपने घर से वियोग झेल रहा है। जेल के वातावरण के कारण पूरी रात जगना, लोगों से दूर भागना, खुद को चुप, तनाव और निराशा में रखते हुए, कवि की मनोस्थिति अब खुद को पहचानने की नहीं रह गयी है। इसलिए वह नहीं चाहता कि उसकी हालत उसके परिवार वालों को बताई जाए। इसलिए वह वर्षा सावन से अपनी सच्चाई को छिपाने और यह दिखाने के लिए अनुरोध करता है कि वह यहां आनंद से है। उसे यहां खेलने खुदने में और पढ़ने लिखने में मस्त है। जेल में रहते हुए भी उसे किसी तरह की कोई समस्या नहीं है।

PAGE 157, प्रश्न - अभ्यास - कविता के आसपास

11:1:15:प्रश्न - अभ्यास - कविता के आसपास: 2

6. घर से अलग होकर आप घर को किस तरह याद करते है? लिखे।

उत्तर : घर से अलग होने पर मुझे माँ का प्यार और दुलार याद आता है। पिता जी के स्नेह और समर्पण याद आता है। सबसे ज्यादा माँ के हाथो का भोजन याद आता है। जो घर से अलग होने पर कभी कहीं नहीं मिलता है। भाई बहनो का प्रेम और लड़ाई याद आती है। घर के सामने की गालियाँ याद आती यही जिनमे मैं दिन भर खेला करता था।